गन्ने का बढ़ा एफआरपी बढ़ाएगा चीनी की लागत

मुंबई। चीनी सत्र 2017-18 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 11 फीसदी बढ़ाकर प्रति क्विंटल 255 रुपये किए जाने से चीनी का मूल्य प्रति टन करीब 2,500-2,700 रुपये बढ़ सकता है। यह बात रेटिंग एजेंसी इक्रा की रिपोर्ट में कही गई।

चीनी सत्र एक अक्तूबर से शुरू होता है। नया एफआरपी आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने तय किया है। एफआरपी किसानों को मिलने वाला न्यूनतम गारंटी मूल्य होता है। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिश के आधार पर नया एफआरपी तय किया गया है। इक्रा रेटिंग्स के वरिष्ठ वाइस प्रेसिडेंट और समूह प्रमुख सब्यसाची मजुमदार ने कहा कि सरकार द्वारा चीनी सत्र

2017-18 के लिए गन्ने का एफआरपी प्रति क्विंटल 25 रुपये बढ़ाए जाने से चीनी की उत्पादन लागत प्रति क्विंटल करीब 2,500-2,700 रुपये बढ़ जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मौजूदा कीमतों पर चीनी मिल बढ़ी हुई लागत का बोझ उठा लेंगे, लेकिन इसके कारण उनका मार्जिन घट सकता है। इससे पहले 2014-15 में एफआरपी करीब पांच फीसदी बढ़ा था। एजेंसी